दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### बहू से विवाद के बाद सांस ने किया कीटनाशक सेवन

रायगढ़। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र स्थित भिखारी माल निवासी 50 वर्षीय महिला ने अपने बहु से विवाद के बाद शराब के नशे में कीटनाशक सेवन कर लिया जिसे उसके पति ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया है। सुकरिता खड़िया पति पूरन खड़िया उम्र 50 वर्ष निवासी भिखारीमाल कल दोपहर करीब 2 बजे अपने घर में शराब पी रही थी जिस बात को लेकर उसकी बहू से उसका विवाद हो गया विवाद बढ़ने के कारण पीड़िता ने अत्यधिक मात्रा में शराब पी लिया और जब शराब का नशा उसे कम लगा तब बोतल में रखा कीटनाशक में पानी मिलाकर उसका सेवन कर लिया जिसके बाद पीड़िता की हालत बिगड़ने लगी जिसे देख कर पीड़िता की बहू और पति पूरन खड़िया ने सेनिजी वाहन पीड़िता को जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान पीड़िता के स्वास्थ्य में सुधार होना डाक्टरों द्वारा बताया जा रहा है।

### पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा 17 मार्च को

रायगढ़। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा पटवारी प्रशिक्षण चयन परीक्षा का आयोजन 17 मार्च 2019 आयोजित की जाएगी। कलेक्टर यशवंत कुमार ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर दीपक निकुंज को नोडल अधिकारी एवं राजीव गांधी शिक्षा मिशन के सहायक परियोजना समन्वयक रामकुमार चौहान को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### टाटा सूमो स्पेसियो की नीलामी 14 मार्च को

रायगढ़। सहायक आयुक्त आबकारी रायगढ़ के शासकीय वाहन माडल टाटा सूमो स्पेसियो 2006 को निष्प्रयोजित घोषित किया गया है। उक्त वाहन की नीलामी 14 मार्च को पूर्वान्ह 12 बजे किया जाएगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### गांधी शांति पुरस्कार के लिए 10 अप्रैल तक नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित

रायगढ़। गांधी शांति पुरस्कार वर्ष 2019 हेतु योग्य एवं पात्र व्यक्तियों तथा संस्थाओं से 10 अप्रैल 2019 तक नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए नई दिल्ली के वेबसाईट www.indiaculture.nic.in में प्राप्त कर सकते हैं।

### जिले में किया जा रहा प्ले स्कूल की तर्ज पर आकर्षक आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण

रायगढ़। जिले में प्ले स्कूल की तर्ज पर बच्चों के लिए आकर्षक आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण किया जा रहा है। घरघोड़ा विकासखण्ड में 6.45 लाख की लागत से मनरेगा एवं एकीकृत बाल विकास योजना के अभिसरण से आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण किया जा रहा है। जिले भर में विगत दो वर्षों में 489 आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण किया गया है। ऐसे आंगनबाड़ी केन्द्र बच्चों में पढ़ाई के प्रति अभिरूचि जागृत करने के साथ ही अपने परिवेश के प्रति जागरूक करने में सहायक सिद्ध होंगे।

### प्रिटिंग संचालकों को मुद्रित सामग्री की जानकारी देना अनिवार्य

रायगढ़। अपर कलेक्टर सुखनाथ अहिरवार ने आज सृजन सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2019 के सुचारू संपादन के लिए जिले के प्रिटिंग प्रेस संचालकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# वर्तमान बाजार दर होगा ट्रस्ट के भवनों का किराया निर्धारण

रायगढ़। महिला बाल विकास की बैठक में सोमवार को कलेक्टर ने चक्रधर बाल सदन समिति की संपत्तियों व पुराने किराएनामे को लेकर नाराजगी जताई है और ट्रस्ट के पुराने बकायादारों से वसूली कर वर्तमान बाजार दर के अनुसार भवनों का किराया लेने के निर्देश दिए हैं।



कलेक्टर यशवंत कुमार ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, चक्रधर बाल सदन (ट्रस्ट) तथा आईसीडीएस (एकीकृत बाल विकास योजना) की त्रैमासिक समीक्षा बैठक बुलाई थी। सोमवार को दोपहर बैठक शुरू हुई तो कलेक्टर ने सबसे पहले कुपोषण के संबंध में जानकारी ली और कहा कि पोषण अभियान के तहत गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर एनआरसी में भर्ती कराएं एवं ऐसे बच्चे जो कुपोषित हैं उनके लिए विशेष जागरूकता शिविर लगाकर महिलाओं एवं परिवार में जागरूकता लाएं तथा वहीं वजन त्यौहार कराकर बच्चों के कुपोषण के संबंध में जानकारी दे। उन्होंने कहा कि गर्भवती माताएं भोजन के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र आए यह सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जिले में जो एक्टिव ट्रेकर मशीन लगाया गया है वह अच्छी तरह से कार्य करें यह सुनिश्चित करें।बैठक में कलेक्टर ने चक्रधर बाल सदन के प्रबंधन समिति को ट्रस्ट की भवनों, दुकानों एवं गैरेजों का नये सिरे से वर्तमान में प्रचलित किराया दर अनुरूप किराया निर्धारण कराने तथा किरायेदारों को अपना पिछला बकाया समस्त किराया जमा कराने के निर्देश दिए तथा जर्जर भवनों का मरम्मत करने के लिए प्रबंधक को निर्देशित किया। ट्रस्ट के अंतर्गत आवासीय उपयोग के लिए दिए गए किराये के भवनों का व्यवसायिक उपयोग एवं उसके भौतिक संरचना में परिवर्तन करते हुए बिना अनुमति अवैध निर्माण कराने वाले किरायेदारों पर कार्रवाई करने के भी निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं।

### अतिक्रमण की एसडीएम करेंगे जांच

बैठक में संस्था उम्मीद की पहाड़ मंदिर के पास आबंटित भूमि के अतिक्रमण का मामला आया तो कलेक्टर ने इसके लिए एसडीएम भागवत जायसवाल को निराकरण करने के लिए निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि यहां पर एक बिल्डर ने संस्था को प्रशासन से आबंटित जमीन को अपना बताकर अतिक्रमण शुरू कर दिया है और पहाड़ की जमीन को भी खोदना शुरू कर प्लाटिंग की तैयारी है लेकिन शिकायत के बाद भी एसडीएम कुछ नहीं कर सके हैं।

## घोषणा पत्र का असर, राजस्व में गिरावट, कंगाली से बचने राजस्व वसूली शिविर

रायगढ़। कांग्रेस पार्टी द्वारा चुनावी घोषणा पत्र में सम्पति कर आधा करने की वादा के बाद नगर निगम में राजस्व का आय में व्यापक स्तर में में गिरावट आने लगी थी जिससे निगम राजस्व चालू वित्तीय वर्ष में लक्ष्य से काफी पीछे हो गया था।

जहां नगर निगम कंगाली की दशा में आ गई थी। इसे देखते हुए नगर निगम राजस्व वसूली के लिए मंगलवार को शहर के रामभांटा, संजय मैदान, धांगरडिपा व बैकुंठपुर इलाके में राजस्व शिविर लगाया गया था। यह शिविर चालू वित्तिय वर्ष के राजस्व वसूली के लक्ष्य को पूरा करने के लिए है। जिसमें नगर निगम को पहले ही दिन ढाई लाख रुपए की आमदनी विभिन्न करों के माध्यम से प्राप्त हुई है । पहले दिन बेहतर राजस्व प्राप्त होने के कारण नगर निगम अधिकारियों में वसूली अभियान को लेकर हर्ष है। निगम अधिकारी आने वाले दिनों में राजस्व आय व निगम का खाजना भरने व वसूली बढ़ने की संभावना जता रहे है जिसमें शख्त रवैया भी अपनाने की बात कही जा रही है। बहरहाल यह शिविर 11 मार्च तक लगातार विभिन्न वार्डो में लगेगा।

### कर दाता शिविर से अब भी दूरी बनाए

नगर निगम अमला द्वारा संपत्ति कर के लक्ष्य को हासिल करने के लिए एड़ी चोटी का दमखम लगा रही है। इसमे पहले दिन की वसूली शिविर में नगर निगम को एक तरफ ढाई लाख रूपय का राजस्व आय प्राप्त हुआ है।

## पेट दर्द से परेशान महिला ने खाया जहर, मौत

रायगढ़। जहर सेवन कर आत्महत्या का प्रयास करने वाली महिला की बालाजी मेट्रो केयर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई जिसका पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया गया है। सीता पटेल पति राजेश पटेल उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम साल्हे थाना डभरा पिछले कुछ दिनों से पेट दर्द से परेशान रह रही थी जिस कारण पीड़िता का स्वभाव भी चिड़चिड़ा हो गया था इस बीच रविवार की रात जब मौसम काफी खराब था तब पीड़िता सीता पटेल ने जहरीला पदार्थ सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया जानकारी होने पर परिजनों से डभरा से बालाजी मेट्रो केयर कराया जहां इलाज के दौरान सोमवार की शाम सीता पटेल की मौत हो गई सूचना मिलने पर चक्रधर नगर पुलिस ने जिला अस्पताल में मृतिका का पोस्टमार्टम कराने उपरांत शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# डीईओ आदित्य गए नारायणपुर, मनीन्द्र को दूसरी बार जिम्मा

### नारायणपुर में पदस्थ मनीन्द्र श्रीवास्तव पूर्व में भी रहे चुके हैं डीइओ

रायगढ़। डीइओ आरपी आदित्य का ट्रांसफर नारायणपुर कर दिया गया है। आदित्य अब नारायणपुर में प्राचार्य डाइट का काम देखेंगे और वहां पदस्थ मनीन्द्र श्रीवास्तव को रायगढ़ का डीइओ बनाया गया है। श्रीवास्तव 4 सल पहले भी रायगढ़ के डीइओ रह चुके हैं। संचालनालय शिक्षा विभाग द्वारा मंगलवार को जिन 43 जिला शिक्षाधिकारी एवं अन्य अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है। उसमें रायगढ़ जिला भी प्रभावित हुआ है। रायगढ़ में पदस्थ डीइओ आरपी आदित्य को अब नारायणपुर की जिम्मेदारी दी गई है। विभाग ने



आदित्य से डीइओ काम छिनकर प्राचार्य डाइट का काम दे दिया है। वहीं नारायणपुर में प्राचार्य डाइट का काम देख रहे मनीन्द्र श्रीवास्तव को उनकी जगह रायगढ़ लाया जा रहा है। मनीन्द्र श्रीवास्तव हालाकि इससे पहले भी रायगढ़ जिले में डीइओ रह चुके हैं लेकिन राज्य सरकार की ट्रांसफर पालिसी में मनीन्द्र श्रीवास्तव को दूसरी बार रायगढ़ डीइओ की कुर्सी मिल गई है।

विभाग द्वारा बोर्ड परीक्षा से 4 दिन पहले निकाली गई ट्रांसफर लिस्ट के लिए भी सवाल उठ रहे हैं और इससे बोर्ड की परीक्षा की तैयारियों पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जास रही है।

## युवक के गर्दन पर चाकू अड़ाकर धर्मकाटा में 83170 रूपये की लूट

रायगढ़। कोतवाली थाना क्षेत्र के मंगलूडीपा कोतरारोड बाई पास पर स्थित ओम सांई धर्मकाटा में बीति रात लूट की घटना हुई है। नकाबपोश दो बदमाशों ने धर्मकाटा में काम करने वाले दो युवकों के गले के पास चाकू अड़ाकर इस घटना को अंजाम दिया है। आरोपियों ने युवकों को डरा धमकाकर दराज में रखे 83170 रूपये को लूट कर मोटर सायकल से फरार हो गये। मामले की रिपोर्ट कोतवाली थाना में दर्ज कराई गई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480